जर्मनी से लौटे उपमुख्यमंत्री, दोहराया प्रदेश में निवेश बढ़ाने का संकल्प

राब्यू, जागरण, लखनऊ : जर्मनी के दौरे से शुक्रवार को वापस लौटे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के संकल्प को दोहराया है। शुक्रवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

जर्मनी दौरे में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स, निवेशकों व औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचे, विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, मल्टीमाडल कनेक्टिविटी तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर निवेशकों को जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जर्मनी के उद्योग

शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जर्मनी से लौटने पर स्वागत करते कार्यकर्ता ● सूचना विभाग

प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक रुचि व्यक्त की है। यह यात्रा प्रदेश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।